संख्या–cm-80
09/02/2019

मुख्यमंत्री राहत कोष न्यासी पर्षद की बैठक संपन्न

पटना 09 फरवरी 2019 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में 1 अणे मार्ग 'संकल्प' में मुख्यमंत्री राहत कोष न्यासी पर्षद की 19वीं बैठक सम्पन्न हुयी। मुख्यमंत्री राहत कोष न्यासी पर्षद की बैठक में मुख्यमंत्री राहत कोष से संबंधित विभिन्न बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा की गयी एवं चर्चा के क्रम में मुख्यमंत्री द्वारा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गये।

मुख्यमंत्री राहत कोष न्यासी पर्षद की बैठक में 18वीं न्यासी पर्षद की बैठक की कार्यवाही की संपुष्टि तथा विगत बैठक की कार्यवाही के अनुपालन की समीक्षा की गयी। बैठक में आपदा प्रबंधन विभाग बिहार, पटना को बाढ़ आश्रय स्थल निर्माण हेतु मुख्यमंत्री राहत कोष से दी गयी प्रथम किश्त की राशि, केरल राज्य में आयी भयंकर बाढ़ से प्रभावित नागरिकों के राहत एव पुनर्वास हेतु मुख्यमंत्री राहत कोष से दी गयी आर्थिक सहायता, नागालैंड राज्य में आयी प्राकृतिक आपदा से प्रभावित नागरिकों के राहत एवं पुनर्वास हेतु मुख्यमंत्री राहत कोष से दी गयी आर्थिक सहायता तथा अमृतसर (पंजाब) में रावण दहन के दौरान ट्रेन हादसे में बिहार के पॉच मृतकों के आश्रितों को मुख्यमंत्री राहत कोष से दी गयी अनुग्रह अनुदान की राशि की घटनोत्तर स्वीकृति न्यासी पर्षद द्वारा प्रदान की गयी। साथ ही मुख्यमंत्री राहत कोष से संबंधित अन्य बिन्दुओं पर विस्तृत समीक्षा की गयी।

बैठक में मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार, पुलिस महानिदेशक श्री गुप्तेश्वर पाण्डेय, अपर मुख्य सचिव शिक्षा श्री आर0के0 महाजन, प्रधान सचिव वित श्री एस0 सिद्धार्थ, प्रधान सचिव स्वास्थ्य श्री संजय कुमार, प्रधान सचिव आपदा प्रबंधन श्री प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, निदेशक सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग श्री चन्द्रशेखर सिंह सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

****